Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding attacks on Shri T. Raja Singh MLA from Telangana.

श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) (एटा): माननीय अध्यक्ष जी, 17वीं लोक सभा में आपने मुझे पहली बार बोलने का अवसर दिया है । मान्यवर मैं 20 जून की घटना की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । तेलंगाना के हैदराबाद में विधायक टी. राजा सिंह पर हमला हुआ है । उस संबंध में रानी अवंती बाई की मूर्ति 2009 में लगी थी । वह टूट-फूट गई थी, उसकी जगह दूसरी मूर्ति लगाने की प्लानिंग थी । पुलिस ने उनको मारा-पीटा और ऐसी वीरांगना अवंती बाई लोधी, जिसने इस देश की आज़ादी के लिए अपनी जान न्यौछावर की, वर्ष 1857 में मंडला के पास खेरी गाँव में ब्रिटिश सेना को हराया, वर्ष 1858 में फिर अंग्रेजों ने हमला किया ।

मान्यवर, पुलिस की जो बर्बरता टी. राजा सिंह पर हुई है, मैं उसकी उच्च स्तरीय जाँच की माँग करता हूँ और सरकार को बर्खास्त करने की माँग करता हूँ, जिन्होंने …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री सी.पी. जोशी और श्री सुधीर गुप्ता को श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।